वर्ष: 13 - अंक : 197, मुंबई, मंगलवार, 19 सितंबर, 2023 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

मूल्य 1 रु.

दैनिक

# मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर




## गणपती बाप्पा मोरया




॥ शुभ लाभ ॥

MIX MITHAI

- मोतीचूर लड्डू
- बदाम बर्फी
- काजू कतली
- मलाई पेड़े
- काजू रोल
- रसगुल्ले

Order Now 98208 99501

ONLINE SHOP : www.mmmithaiwala.com

MM MITHAIWALA

Malad (W), Tel. : 288 99 501.


## सूचना

गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर 'दै. मुंबई हलचल' कार्यालय में आज मंगलवार 19 सितंबर 2023 को अवकाश रहेगा, जिससे बुधवार 20 सितंबर 2023 का अंक प्रकाशित नहीं होगा। अब हमारी अगली मुलाकात 21 सितंबर 2023 को होगी।

**– संपादक**

# अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा राजन का करीबी उत्तराखंड एसटीएफ की गिरफ्त ने

## पत्रकार जेडे की हत्या का दोषी दीपक सिसोदिया पेरोल से नेपाल हुआ था फरार

एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि दीपक दलवीर सिंह सिसोदिया (50) पुत्र दलवीर सिसोदिया, जीतपुर नेगी थाना हल्द्वानी नैनीताल का रहने वाला है। उसे मुंबई की कोर्ट ने महाराष्ट्र के खोजी पत्रकार जेडे की हत्या शामिल होने के आरोप में उम्रकैद की सजा सुनाई थी। तब से वह महाराष्ट्र की अमरावती सेन्ट्रल जेल में बंद था

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड एसटीएफ को अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा राजन के करीबी और उत्तराखंड के ईनामी गैंगस्टर दीपक सिसोदिया को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। दीपक सिसोदिया मुंबई के पत्रकार जेडे की हत्या का दोषी है जो पैरोल पर आने के बाद नेपाल फरार हो गया था। उत्तराखंड पुलिस के ऑपरेशन प्रहार के तहत एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल उत्तराखंड में गैंगस्टर और इनामी अपराधियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई कर रहे हैं। हत्याकांड के दोषी दीपक सिसोदिया के चोरी-छिपे नेपाल से हल्द्वानी आने-जाने की सूचना एसटीएफ को मिली थी। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**



### क्यों हुआ दीपक सिसोदिया गिरफ्तार

*दीपक सिसोदिया अमरावती जेल में उम्रकैद की सजा काट रहा था। उसके बाद 2022 में यहां पैरोल से छूट कर बाहर आया था। और इसकी 45 दिन की पैरोल थी जो वहां खत्म होने के बाद वापस नहीं गया। और वहां से फरार हो गया। इस संबंध में मुंबई पुलिस के द्वारा इस पर एक मुकदमा पंजीकृत किया गया था। जो मुंबई से हल्द्वानी में ट्रांसफर हुआ था। और इस अभियुक्त के ऊपर 25000 रुपये का इनाम भी घोषित किया गया था। जिसको एसटीएफ द्वारा नेपाल बॉर्डर से अरेस्ट किया गया।*

## महिला-आरक्षण बिल आज नई संसद में पेश हो सकता है

### सोनिया ने कहा- ये बिल कांग्रेस का है, लोकसभा में 180 सीटें बढ़ाने की चर्चा



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आज गणेश चतुर्थी के दिन नए संसद भवन में कामकाज शुरू होगा। पुरानी संसद में सोमवार 18 सितंबर को कार्यवाही का अंतिम दिन था। स्पेशल सेशन के बाद कल शाम 6:30 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट मीटिंग हुई। सूत्रों के हवाले से बताया कि महिला आरक्षण बिल को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

# सुप्रीम कोर्ट ने स्पीकर को फटकारा



### शिवसेना विधायकों की अयोग्यता पर 1 हफ्ते में सुनवाई का आदेश



शिवसेना के दोनों खेमों द्वारा एक-दूसरे के खिलाफ दायर कुल 34 याचिकाएं लंबित हैं

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** शिवसेना के 16 विधायकों की अयोग्यता से जुड़ी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में आज अहम सुनवाई हुई। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ ने सुनवाई की। उद्धव ठाकरे गुट की ओर से कपिल सिब्बल पेश हुए। उन्होंने मांग की कि मामले की सुनवाई के लिए तारीख तय की जाए। इस दौरान शीर्ष कोर्ट ने राहुल नार्वेकर को फटकारते हुए कहा कि भले ही हमने तीन महीने की समयसीमा नहीं दी, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि विधानसभा अध्यक्ष को कोर्ट की अवमानना करनी चाहिए। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### सरकारी खाते में गड़बड़झाला



**लोकतंत्र में वित्तीय उत्तरदायित्व सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण पहलुओं में एक माना जाता है। लेकिन 'क्वालिटी ऑफ एकाउंट्स एंड फाइनेंशियल रिपोर्टिंग प्रैक्टिसेज' नाम की सीएजी की 27 पेज की रिपोर्ट में बताया गया है कि इस उत्तरदायित्व की गुजरे वर्षों में खुलेआम धज्जियां उड़ाई गई हैं।**

नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की एक रिपोर्ट में सरकारी खातों में चल रहे जिस गड़बड़झाले पर रोशनी डाली है, उसकी अगर जवाबदेही तय की जाए, तो पूरी केंद्र सरकार कठघरे में खड़ी नजर आएगी। लेकिन यह आज के माहौल पर एक कड़ी टिप्पणी है कि यह रिपोर्ट सीएजी ने पिछले महीने सौंपी थी, जबकि उसकी खबर अब जाकर एक अंग्रेजी अखबार ने छापी है। लोकतंत्र में वित्तीय उत्तरदायित्व सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण पहलुओं में एक गिना जाता है। लेकिन क्वालिटी ऑफ एकाउंट्स एंड फाइनेंशियल रिपोर्टिंग प्रैक्टिसेज नाम की इस 27 पेज की रिपोर्ट में बताया गया है कि इस उत्तरदायित्व की गुजरे वर्षों में खुलेआम धज्जियां उड़ाई गई हैं। सार यह है कि किसी मद का धन कहीं और खर्च कर दिया गया, गलत गणनाएं की गईं, धन को रखने संबंधी नियमों का खुल कर उल्लंघन किया गया, सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों में सरकार ने अपने निवेश के बारे में जो जानकारी दी और उन कंपनियों ने इस संबंध में जो विवरण दिया उसमें भारी फर्क है। और जिन खर्चों का ब्योरा देने में सरकार ने अपने को अक्षम पाया-या जिसे उसने नहीं बताना चाहा, उसे 'अन्य प्राप्तियों एवं व्यय' की श्रेणी में डाल दिया गया। इसके अलावा सरकार का वित्तीय प्रदर्शन बेहतर दिखे- इसके लिए सरकार ने अनुकूल पैमानों को अपनाया। मसलन, सीएजी ने बताया है कि सरकार ने ऐतिहासिक दर के आधार पर विदेशी कर्ज की गणना कर बताया कि उस पर चार लाख 39 हजार करोड़ का ऋण है। जबकि यह गणना अगर वर्तमान विनियम दर पर की जाए, तो यह रकम छह लाख 58 हजार करोड़ रुपये बैठेगी। उधर सरकार पर छोटी बचत योजनाओं और भविष्य निधि के तहत जो देनदारियां हैं, साल 2021-22 में उन्हें 21,560 करोड़ रुपये कम करके बताया गया। नियमों के उल्लंघन की मिसाल देते हुए सीएजी ने बताया है कि सार्वजनिक धन को अलग-अलग करेंट एकाउंट्स खोल कर रखा गया, जबकि ऐसा कोई प्रावधान मौजूद नहीं रहा है। तो सार यह है कि वर्तमान सत्ताधारी जवाबदेही की अवधारणा से दूर रहते हुए सरकारी कोष के साथ व्यक्तिगत संपत्ति जैसा व्यवहार कर रहे हैं। यह सिरे अस्वीकार्य है।

# संसद का विशेष सत्र ऐतिहासिक फैसलों का यादगार सत्र होगा – 33 प्रतिशत महिला आरक्षण बिल कैबिनेट में पारित

## भारत ने 75 वर्षों की यात्रा में अनेक लोकतांत्रिक परंपराओं प्रक्रियाओं का उत्तम सृजन किया है

**गोंदिया –** वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियां की नजरें भारत के 18 - 22 सितंबर 2023 से शुरू हुए विशेष सत्र पर लगी हुई है कि किस तरह यह सत्र सफलताओं के नए-नए आयामों की रूपरेखा पर मोहर लगतीहै,क्योंकि 142करोड़भारतवासियों की बौद्धिक क्षमता से पूरी दुनियां वाविब है कि किस तरह प्रौद्योगिकी, तकनीकी विज्ञान साइंस से लैस यह अभूतपूर्व जनसंख्याकियतंत्र की विशाल शक्ति पूरी दुनियां को हैरत अंगेश करने वाली सफलताओं के झंडे चुटकियों में गाढ़ सकते हैं, क्योंकि आज भारत की विकास यात्रा के कुशल नेतृत्व के हाथों से नीतियों रणनीतियों और विजन 2047 के रास्ते पर चल पड़ा है, जिसने अपने स्वर्ण काल की यात्रा में विश्व गुरु बनने का एजेंडा सेट किया हुआ है ऐसे भारत का यह विशेष सत्र छोटा परंतु ऐतिहासिक फैसलों का यादगार सत्र होगा, क्योंकि दिनांक 18 सितंबर 2023 को देर रात केंद्रीय कैबिनेट मंत्रियों की बैठक में महिला आरक्षण बिल 33 परसेंट पारित किया गया है, उम्मीद है यह बुधवार 20 सितंबर 2023 को पेश होगा। नए आयामों की शुरूआत नए संसद भवन की विकास की नई गाथाएं लिखने के साथ शुरू होगी। बता दें इस सत्र का प्रथम दिवस भारत के 75 वर्षों की यात्रा के लोकतांत्रिक परंपराओं प्रक्रियाओं के उत्तम सृजन के यादगार पलों को याद किया गया और 19 से 22 सितंबर 2023 को अधिसूचित चार विधेयकों परचर्चा होगी जिसमें इतिहास रचा जाएगा। क्योंकि इस विशेष सत्र में महिला आरक्षण बिल सहित कुछ महत्वपूर्ण विधेयकों को पारित होने की अभूतपूर्व संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्धजानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे लोकतंत्र की सफलता के लिए स्वस्थ बहस होना जरूरी है नए संसद भवन से नए भारत के स्वर्णिम काल की यात्रा शुरू करने का संकल्प लेना समय की मांग है।

साथियों बात अगर हम दिनांक 18 सितंबर 2023 को देर रात कैबिनेट में पारित 33 प्रतिशत महिला आरक्षण विधेयक की करें तो, बैठक में महिला आरक्षण बिल को मंजूरी मिल गई है, हालांकि अभी इसका अधिकारिक ऐलान होना बाकी है। संसदीय कार्य मंत्री के ट्विटर हैंडल से जानकारी आ गई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस बिल को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे थे। लेकिन तमाम कयासों को दरकिनार करते हुए केंद्रीय कैबिनेट ने आखिरकार 33 फीसदी महिला आरक्षण को मंजूरी दे दी।अब इस मंजूरी के बाद महिला आरक्षण बिल को लोकसभा में पेश किया जाएगा।बता दें कि करीब 27 सालों से महिला आरक्षण बिल लंबित है, इस मुद्दे पर आखिरी बार कदम 2010 में उठाया गया था, मौजूदा लोकसभा में 78 महिला सांसद हैं, जो कुल संख्या 543 का 15 प्रतिशत से भी कम हैं अगर ऐसा हुआ तो इससे पुरुषों राजनीतिज्ञों के सियासी हितों पर बड़ा कुठाराघात होगा। विपक्ष इस विधेयक को पारित कराने की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता जाहिर कर सकता है।

साथियों बात अगर हम पुरानें संसद भवन से विदाई की करें तो 17 सितंबर 2023 को राज्यसभा बुलेटिन के अनुसारलोकसभा में अध्यक्ष ने सभी सदस्यों को जानकारी के अनुसार मंगलवार को सुबह सभी सदस्यों की पुरानी संसद के सामने ग्रुप फोटो ली गई। राज्यसभा में भी इसे लेकर बुलेटिन जारी किया गया। इसमें बताया गया था और मंगलवार (19 सितंबर) को सुबह 9:30 बजे से पार्लियामेंट हाउस के गेट नंबर 1 और सेंट्रल हॉल के बीच कोर्टयार्ड 1 (आंगन) में राज्यसभा और लोकसभा के सदस्यों की ज्वाइंट फोटोग्राफ ली गई। वहीं, राज्यसभा सदस्यों की भी ज्वाइंट फोटोग्राफ ली गई। इसके लिए सभी सदस्यों से सुबह 9.15 बजे मौके पर पहुंचने पहुंचे थे राज्यसभा के महासचिव ने भी दोनों सदनों के सदस्यों से अनुरोध किया था कि वे भारतीय संसद की समृद्ध विरासत को मनाने के लिए एकजुट हों। उन्होंने कहा था कि सभी सदस्य 2047 तक देश को एक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लें। साथियों बात अगर हम 18 सितंबर 2023 को राज्यसभा के सभापति माननीय उपराष्ट्रपति के संबोधन की करें तो उन्होंने भारतीय संसद की 75 साल की अनवरत यात्रा के महत्व पर बल दिया और उन उपलब्धियों, अनुभवों, यादों और शिक्षण पर प्रकाश डाला जिन्होंने भारतीय लोकतंत्र को स्वरूप प्रदान किया है। संसदीय लोकतंत्र में जनता की अटूट आस्था और अटूट विश्वास को रेखांकित करते हुए, जोर देकर कहा, हमारे लोकतंत्र की सफलता हम भारत के लोगों का एक सामूहिक, ठोस प्रयास है।आज राज्यसभा के 261वें सत्र की शुरूआत में प्रारंभिक टिप्पणी देते हुए, श्री धनखड़ ने कहा कि राज्यसभा के पवित्र परिसर ने 15 अगस्त, 1947 को मध्यरात्रि में ट्रिस्ट विद डेस्टिनी (नियति से वादा) के भाषण से लेकर 30 जून, 2017 की मध्यरात्रि में अभिनव अग्रगामी जीएसटी व्यवस्था के अनावरण तक कई ऐतिहासिक क्षण देखे हैं।संविधान सभा में तीन वर्षों तक चलेविभिन्न सत्रों में हुए विचार-विमर्श ने मयार्दा और स्वस्थ बहस का उदाहरण प्रस्तुत किया है। इसका स्मरण करने हुए सभापति ने कहा कि विवादास्पद और अत्यधिक विभाजनकारी मुद्दों परसर्वसम्मति की भावना से विचार विमर्श हुआ।स्वस्थ बहस को एक पुष्पित पल्लवित लोकतंत्र का प्रतीक बताते हुए, उन्होंने टकरावपूर्ण स्थिति और व्यवधान और अशांति को हथियार के रूप में प्रयोग किए जाने के विरूद्ध आगाह किया। उन्होंने जोर देकर कहा, हम सभी को संवैधानिक रूप से लोकतांत्रिक मूल्यों का पोषण करने के लिए नियुक्त किया गया है इसलिए हमें लोगों के विश्वास पर खरा उतरना चाहिए और उसकी पुष्टि करनी चाहिए।संसद के अंदर विवेक, हास्य और व्यंग्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, उन्होंने उन्हें एक सशक्त लोकतंत्र का अभिन्न पहलू बताया और आशा व्यक्त की कि इस तरह कीहल्की-फुल्की और विद्वतापूर्ण बहस फिर से दिखाई देगी। उन्होंने सदन के सदस्यों से अनुरोध किया कि वे संसद की गरिमा का ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि इस पवित्र परिसर ने कई उतार-चढ़ाव देखें हैं जिनपर हमें विचार-विमर्श करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा,यह सत्र संविधान सभा से शुरू होने वाली 75 वर्षों की संसदीय यात्रा - उपलब्धियां, अनुभव, यादें और सीखपर चिंतन और आत्मनिरीक्षण करने का एक उपयुक्त अवसर प्रदान करता है।



**लोकतंत्र की सफलता के लिए स्वस्थ बहस होना जरूरी – नए संसद भवन से नए भारत के स्वर्णिम काल की यात्रा शुरू करने का संकल्प करना समय की मांग – एडवोकेट किशन भावनानी गोंदिया**

साथियों बात अगर हम लोकसभा में 18 सितंबर 2023 को माननीय पीएम के संबोधन की करें तो, पीएम ने कहा कि मंगलवार से हम नए भवन में चले जाएंगे लेकिन यह भवन आने वाली पीढ़ी को प्रेरणा देता रहेगा। 75 वर्ष की हमारी यात्रा ने अनेक लोकतांत्रिक परंपराओं और प्रक्रियाओं का उत्तम से उत्तम सृजन किया है और इस सदन के सभी सदस्यों ने उसमें सक्रियता से योगदान दिया है। पीएम ने कहा ये सही है कि इस इमारत के निर्माण का निर्णय विदेशी शासकों का था। लेकिन ये बात हम कभी नहीं भूल सकते हैं कि इस भवन के निर्माण में परिश्रम, पसीना और पैसा मेरे देशवासियों के लगा था, आज कार्यवाही को हाल मेंउद्घाटन किए गए भवन में स्थानांतरित करने से पहले भारत की 75 वर्षों की संसदीय यात्रा का पुनः स्मरण करने का अवसर है। पुराने संसद भवन के बारे में चर्चा करते हुए, पीएम ने कहा कि यह भवन भारत की स्वतंत्रता से पहले इम्पीरियल लेजिस्लेटिवकॉउन्सिल के रूप में कार्य करता था और स्वतंत्रता के बाद इसे भारत की संसद के रूप में मान्यता दी गई थी। उन्होंने बताया कि भले ही इस इमारत के निर्माण का निर्णय विदेशी शासकों द्वारा किया गया था, लेकिन यह भारतीयों द्वारा की गई कड़ी मेहनत, समर्पण और धन से विकसित हुआ। 75 साल की यात्रा में इस सदन ने सर्वोत्तम परंपराएं और प्रथाएं बनाई हैं, जिसमें सभी का योगदान रहा है और सभी इसके साक्षी हैं। हम भले ही नए भवन में शिफ्ट हो रहे हैं लेकिन यह भवन आने वाली पीढ़ी को प्रेरणा देती रहेगी। चूंकि यह भारतीय लोकतंत्र की यात्रा का एक स्वर्णिम अध्याय है। एक नए घर में स्थानांतरित होने वाले परिवार की उपमा देते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि पुराने संसद भवन को विदाई देना एक बहुत ही भावनात्मक क्षण है। उन्होंने इन सभी वर्षों में सदन द्वारा देखी गई विभिन्न मनोभावों पर विचार करते हुए कहा कि ये यादें सदन के सभी सदस्यों की संरक्षित विरासत हैं। उन्होंने कहा,इसका गौरव भी हमारा है। उन्होंने कहा कि इस संसद भवन के 75 साल के इतिहास में देश ने नए भारत के निर्माण से जुड़ी अनगिनत घटनाएं देखी हैं और आज का दिन भारत के आम नागरिकों के प्रति सम्मान व्यक्त करने का अवसर है। संसद के गेट पर अंकित उपनिषद वाक्य का हवाला देते हुए कहा कि संतों ने कहा है कि लोगों के लिए दरवाजे खोलो और गौर करो कि उन्हें उनका अधिकार कैसे मिलता है। उन्होंने कहा कि सदन के वर्तमान और पूर्व सदस्य इस कथन की सत्यता के गवाह हैं। पीएम ने समय के साथ सदन की बदलती संरचना पर प्रकाश डाला क्योंकि यह अधिक समावेशी हो गया और समाज के सभी वर्गों के प्रतिनिधि सदन में आने लगे। उन्होंने कहा, समावेशी माहौल लोगों की आकांक्षाओं को पूरी शक्ति से प्रकट करता रहा है। पीएम ने महिला सांसदों के योगदान के बारे में बताया कि इससे सदन की गरिमा बढ़ाने में मदद मिली है।एक ही सदन में 2 साल और 11 महीने तक संविधान सभा की बैठकों और संविधान को अपनाने और लागू करने के दिनों का स्मरण करते हुए, पीएम ने कहा कि 75 वर्षों में सबसे बड़ी उपलब्धि साधारण व्यक्ति का उनकी संसद में बढ़ता विश्वास रहा है। डॉ. राजेंद्र प्रसाद, डॉ. कलाम से लेकर श्री रामनाथ कोविन्द और श्रीमती द्रौपदी मुर्मु तक विभिन्न राष्ट्रपतियों के अभिभाषण से सदन लाभान्वित हुआ है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि संसद का विशेष सत्र ऐतिहासिक फैसलों का यादगार सत्र होगा - 33 प्रतिशत महिला आरक्षण बिल कैबिनेट में पारित।भारत ने 75 वर्षों की यात्रा में अनेक लोकतांत्रिक परंपराओं प्रक्रियाओं का उत्तम सृजन किया है।लोकतंत्र की सफलता के लिए स्वस्थ बहस होना जरूरी - नए संसद भवन से नए भारत के स्वर्णिम काल की यात्रा शुरू करने का संकल्प करना समय की मांग।

-संकलनकर्ता लेखक -
कर विशेषज्ञ स्तंभकार एडवोकेट किशन सनमुखदास

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक–**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई–68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी–2–301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादकः **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# आखिर कब मुंब्रा शहर में बनेंगे शेड बस स्टॉप ?

**क्यों किया जा रहा है सौतेला व्यवहार, पहले बस सेवाएं बढ़ाई जाए मामूली पोल बस स्टॉप का उद्घाटन कर प्रचार कर रहे हैं एनसीपी के कलवा मुंब्रा विधानसभा अध्यक्ष एवं परिवहन बस सेवा समिति के सदस्य शमीम खान, पोल बस स्टॉप से अधिक आवश्यकता शेड बस स्टॉप की है : मुंब्रा प्रवासी संघ के उपाध्यक्ष नाजिम अंसारी**

**मुंबई हलचल/अब्दुस समद खान**

**मुंब्रा।** गत 16 सितंबर शनिवार को एनसीपी के कलवा मुंब्रा विधानसभा अध्यक्ष एवं परिवहन बस सेवा समिति के सदस्य शमीम खान द्वारा कौसा गांव के पास अपने समस्त पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं समेत मिलकर पोल बस स्टॉप का उद्घाटन किया गया जिसमें बस नंबर 70,74,75,78 की बस सेवाएं शहर की जनता को हर 5 मिनट में उपलब्ध कराई जाएगी जिस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए मुंब्रा प्रवासी संघ के उपाध्यक्ष नाजिम अंसारी ने दैनिक मुंबई हलचल के पत्रकार अब्दुस समद खान को जानकारी देते हुए बताया कि जिस प्रकार मामूली बस स्टॉप पोल का उद्घाटन करते समय परिवहन बस सेवा समिति के सदस्य शमीम खान द्वारा प्रचार किया जा रहा है उसको देखकर लगता नहीं कि उनके द्वारा कोई ऐसा कार्य किया गया है जिसका प्रचार किया जाना चाहिए जबकि देखा जाए तो पोल बस स्टॉप से अधिक शेड बस स्टॉप की आवश्यकता है जिससे बुजुर्ग यात्री महिलाएं को बैठने को मिले और बारिश धूप से सुरक्षित रह सके जिस प्रकार कलवा में बस शेड बनाए गए हैं और मुंब्रा के साथ में सौतेला व्यवहार किया गया है बस सेवा की बात की जाए तो काफी अधिक समस्याएं है जिस पर ध्यान देना अत्यंत आवश्यक है



परिवहन बस सेवा समिति सदस्य समीम खान

उन्होंने बताया मुंब्रा रेती बंदर परिसर से लेकर भारत गियर परिसर तक 38 बस स्टॉप है जिसमें मात्र 8 बस स्टॉप शेड वाले बनाए गए हैं और 30 पोल बस स्टॉप है जिनमें कई पोल बस स्टॉप गायब है शिब्ली नगर, शिलफाटा सर्कल, तंवर नगर, किस्मत कॉलोनी, मुंब्रा स्टेशन के सामने, इन जगहों पर पोल बस स्टॉप गायब है अब बस सेवा की बात कर लीजिए बस नंबर 78 जो भारत गियर से वागले एस्टेट चलाई जाती है जिनकी संख्या 12 है जबकि 20 से अधिक बसों की संख्या बढ़ाई जाने की आवश्यकता है जो बढ़ाई जानी चाहिए क्योंकि मुंब्रा शहर से काफी लोग अपने पासपोर्ट के लिए और अन्य कामों के लिए प्रतिदिन वागले एस्टेट जाते हैं और शमीम खान है जो इस बस को रद्द कर इंटरसिटी बस चलाने की बात कर रहे हैं क्या वह अलग से इंटरसिटी बस की सुविधा मुंब्रा शहर वासियों के लिए प्रधान नहीं कर सकते, बस नंबर 74 यह बस ठाणे चांदनी कोलीवाडा से दिवा तक चलाई जाती है जिसका आखिरी बस का समय रात 8:00 बजे है अगर इसकी समय सीमा 8:00 बजे से बढ़कर 9:30 बजे तक किया जाए तो दिवा जाने वाले यात्रियों को काफी राहत मिल जाएगी क्योंकि रात के समय रिक्शा वाले अधिक किराए लेते हैं और अपनी मनमानी करते हैं, बस नंबर 75 जो भारत गियर से मीरा रोड चलाई जाती है उस बस की संख्या मात्र 4 हैं जिसको 10 बस सेवाएं बढ़ाने की अत्यंत आवश्यकता है जिससे मीरा रोड जाने वाले यात्रियों को सुविधा मिल सके ,बस नंबर 84 यह बस को मुंब्रा पुलिस स्टेशन से भिवंडी के लिए चलाया जाता है जिसकी संख्या 13 है अगर यह बस सेवा को भारत गियर से भिवंडी के लिए चलाई जाए तो भारत गियर के रहवासियों को काफी राहत मिल जाएगी, बस नंबर 142 जो माजीवाड़ा सर्कल से मुंब्रा पुलिस स्टेशन तक चलाई जाती है जिसकी संख्या 12 है अगर यह बस सेवा भारत गियर तक चलाई जाएगी तो शहर वासियों को काफी राहत मिल जाएगी, इन तमाम मांगों को लेकर हमारी ओर से पत्र व्यवहार किया गया है अब देखना यह है क्या एनसीपी के कलवा मुंब्रा विधानसभा अध्यक्ष एवं परिवहन बस सेवा समिति के सदस्य शमीम खान द्वारा हमारी मांगों को मुंब्रा शहर वासियों के लिए पूरा करेंगे या यूं ही छोटे-मोटे बस स्टॉप पोल का उद्घाटन करके अपना प्रचार करके खुश रहेंगे और दुखी जनता की वह वही बटोरने की कोशिश करेंगे।

## जम्मू कशमीर में आतंकी हमले में शहीद हुए देश के जवानों को दी श्रद्धांजलि

**मुंबई हलचल/सुरेश कोहली**

**पटौदी।** खंड के ऐतिहासिक गांव जाटोली में जम्मू कश्मीर में आतंकी हमले में शहीद हुए सेना के जवान कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष सिंह, जम्मू कश्मीर पुलिस के डीएसपी हुमायूं भट्ट व राइफल मैन रवि कुमार को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही शहीद अमर रहे व भारत माता की जय के नारे भी लगाए गए। इस अवसर पर पूर्व सेनिकों सहित अन्य लोगों भी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पाकिस्तान अपनी ओछी हरकतों




से बाज नही आ रहा है और उसकी पुरानी आदत है की वो हमेशा पीठ पीछे छुप कर धोखे से वार करता है क्योंकि आमने सामने की लड़ाई में पाकिस्तान ने हमेशा घुटने टेके है। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित लोगों ने भारत सरकार से मांग की है की हमारे शहीदों का बलिदान व्यर्थ नही जाना चाहिए। साथ ही कहा की आतंकवाद को जड़ से खत्म करना चाहिए। इस मौके पर लोगों ने पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे भी लगाए गए। वहीं,अपना रोष प्रकट करते हुए पाकिस्तान का पुतला भी फूंका गया। इस अवसर पर भारतीय किसान संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मास्टर ओम सिंह चौहान,पूर्व कप्तान जनक सिंह, पूर्व सूबेदार किशोर चौहान, अशोक चौहान, वीरेन्द्र सिंह, मास्टर सुरेन्द्र चौहान, रवि चौहान, सुभाष चौहान, भूषण सिंह, संजय शर्मा, जयभगवान स्वामी, विक्रम सिंह पिंटू आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

(पृष्ठ 1 का समाचार)

### अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा राजन का करीबी उत्तराखंड एसटीएफ की गिरफ्त ने

इसके बाद सीओ एसटीएफ सुमित पांडे के नेतृत्व में गठित एसटीएफ टीम ने ईनामी गैंगस्टर दीपक सिसौदिया को भारत-नेपाल बॉर्डर में बनबसा से गिरफ्तार किया गया। दीपक सिसोदिया वर्ष 2011 में मुंबई में हुए पत्रकार जे.डे की हत्या के आरोप में उम्रकैद की सजा काट रहा था। वर्ष 2022 जनवरी माह में मुंबई की अमरावती सेन्ट्रल जेल से पैरोल पर छूटकर हल्द्वानी आया था। उसे मार्च में वापस जेल में जाना था लेकिन दीपक सिसौदिया पैरोल से फरार हो गया। इसके बाद मुंबई पुलिस ने थाना हल्द्वानी में उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया था। एसएसपी नैनीताल ने 25000 रु. का ईनाम घोषित किया था। छोटा राजन के इस गुर्गे को गिरफ्तार करने के लिए उत्तराखण्ड पुलिस पिछले एक साल से प्रयास कर रही थी लेकिन दीपक सिसोदिया के नेपाल में छिपे होने के कारण उसकी गिरफ्तारी नहीं हो पा रही थी। एसटीएफ को जब सूचना मिली की दीपक सुबह-सुबह हल्द्वानी आने वाला है तो टीम ने भारत-नेपाल बॉर्डर बनबसा में जाल बिछाया। दीपक फोर्ड फियेस्टा कार से नेपाल से बनबसा पहुंचा ही था कि एसटीएफ की टीम ने बनबसा रेलवे स्टेशन के पास से उसे धर दबोचा। दीपक को बनबसा से हल्द्वानी थाने में लाया गया है जहां से मुंबई भेजा जाएगा। पत्रकार हत्याकांड के दोषी दीपक को गिरफ्तार करने में एसटीएफ हेड कॉन्स्टेबल महेन्द्र गिरी, हेड कॉन्स्टेबल किशोर कुमार और कॉन्स्टेबल मोहित वर्मा की विशेष भूमिका रही। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि दीपक दलवीर सिंह सिसोदिया (50) पुत्र दलवीर सिसोदिया, जीतपुर नेगी थाना हल्द्वानी नैनीताल का रहने वाला है। उसे मुंबई की कोर्ट ने महाराष्ट्र के खोजी पत्रकार जेडे की हत्या शामिल होने के आरोप में उम्रकैद की सजा सुनाई थी। तब से वह महाराष्ट्र की अमरावती सेन्ट्रल जेल में बन्द था।

### सुप्रीम कोर्ट ने स्पीकर को फटकारा

कोर्ट ने पूछा, राहुल नार्वेकर इस मामले की सुनवाई में देरी क्यों कर रहे हैं? हम निर्देश देते हैं कि स्पीकर इस मामले की सुनवाई एक सप्ताह से पहले करें। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने निर्देश दिया कि याचिकाओं को एक सप्ताह की अवधि के भीतर स्पीकर के समक्ष सूचीबद्ध किया जाए, जिस पर स्पीकर को रिकॉर्ड पूरा करने के लिए प्रक्रियात्मक निर्देश जारी करने होंगे। और सुनवाई के लिए समय निर्धारित करना होगा। पीठ ने कहा कि स्पीकर संविधान की दसवीं अनुसूची के तहत कार्यवाही को अनिश्चित काल तक विलंबित नहीं कर सकते हैं। साथ ही उन्हें कोर्ट द्वारा पारित निदेर्शों के प्रति सम्मान की भावना होनी चाहिए। सीजेआई ने पूछा, 11 मई को कोर्ट के फैसले के बाद स्पीकर ने क्या किया? 56 विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग को लेकर शिवसेना के दोनों खेमों द्वारा एक-दूसरे के खिलाफ दायर कुल 34 याचिकाएं लंबित हैं। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया कि याचिकाओं को एक सप्ताह की अवधि के भीतर स्पीकर के समक्ष सूचीबद्ध किया जाए और स्पीकर सुनवाई प्रक्रिया बढ़ाये। इस पीठ में सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी परदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा शामिल हैं। शिवसेना (यूबीटी) के विधायक सुनील प्रभु द्वारा सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को शिंदे नीत बागी खेमे के विधायकों के खिलाफ लंबित अयोग्यता याचिकाओं पर शीघ्र निर्णय लेने का निर्देश देने की मांग की गई थी। याचिका में उद्धव ठाकरे गुट ने विधानसभा अध्यक्ष पर निष्क्रियता और पक्षपात करने का आरोप लगाया है। महाराष्ट्र में सत्ता संघर्ष का नतीजा 11 मई को आया था। तब सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की संविधान पीठ ने निर्णय सुनाते हुए कहा था कि विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ही एकनाथ शिंदे सहित 16 बागी शिवसेना विधायकों के भाग्य का फैसला करेंगे, जिन पर पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप है।

### महिला-आरक्षण बिल आज नई संसद में पेश हो सकता है

केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद पटेल ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट करके बिल को मंजूरी मिलने की बात कही। हालांकि, कुछ देर बाद उन्होंने ट्वीट डिलीट कर दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, चर्चा इस बात की भी है कि केंद्र सरकार लोकसभा में 180 सीटें बढ़ा सकती है। फिलहाल लोकसभा में 543 सीटें हैं। अगर सरकार सीटें बढ़ाने का फैसला लेती है तो यह आंकड़ा बढ़कर 743 हो जाएगा। इधर, महिला आरक्षण बिल पर अब पार्टियों के बीच क्रेडिट लेने की होड़ मच गई है। सोनिया गांधी मंगलवार को संसद भवन पहुंचीं और मीडिया से बातचीत में कहा कि महिला आरक्षण बिल कांग्रेस का दिया हुआ है। भाजपा सांसदों का कहना है कि मोदी है तो मुमकिन है।

# शबनम शेख ने जुआ अड्डे का किया पर्दाफाश

## गुजरात और महाराष्ट्र के जुआरी खेलते हैं लाखों का जुआ

### > नंदुरबार नवापुर पुलिस की खोली पोल

### > मेरी जान को जुआ माफियाओं से खतरा : शबनम शेख

**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई स्थित सोशल एक्टिविस्ट हेल्पकेयर फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शबनम शैख ने मिडिया से बात करते हुए बताया कि महाराष्ट्र के नंदुरबार जिले के नवापुर में नवापुर पोलिस स्टेशन के अंतर्गत खुल्ले आम चल रहा है जुए का अड्डा आए दिन जुआरी नशे की हालत में पराई औरतों पर बुरी नजर डालते हैं। छेड़-छाड़ करते हैं। और अवैध रुप लाखों रुपए का खुल्ले आम जुआ, मटका, जैसा सट्टा खेलते हैं यह सब देखते हुए भी कुछ नहीं कर रही है नंदुरबार जिले की नवापुर पुलिस सिर्फ बैठकर तमाशा देख रहे हैं पोलिस अधिकारी। जब मैंने आवाज उठाई नंदुरबार के सिनियर पोलिस इंस्पेक्टर ज्ञानेश्वर वारे से इस बारे में बात की तो जुआ माफियाओं ने मुझे जान से मारने की धमकियां दी। मैं पूछना चाहती हूं कि क्या मैंने ही पुलिस विभाग को सूचित कि थी के जुआ माफिया ने तुरंत मुझे कैसे फोन करना शुरू कर दिया? ड्यूटी पर तैनात अधिकारी किसके लिए काम कर रहे हैं? सबनम शैख ने आला अधिकारियों से किया बड़ा सवाल ? पुलिस आम नागरिकों की सेवा के लिए होती है सब कुछ देखते हुए भी पुलिस कुछ नहीं कर रही है।




**मेरी जान को खतरा : शबनम शैख**

क्या नवापुर पुलिस स्टेशन नंदुरबार जिला महाराष्ट्र तक मेरी यात्रा सुरक्षित है?

अगर मुझे कुछ हुआ तो जिम्मेदार कौन होगा श्रीमान पुलिस अधीक्षक नंदुरबार या श्रीमान पीआई ज्ञानेश्वर वारे?

मैं किसी से बात नहीं करना चाहती, मैं चाहती हूं कि यह अवैध सहयोग जुए के अड्डे पूरी तरह से बंद हो जाए। मेरी स्पष्ट घोषणा है कि यदि मुझे या मेरे परिवार को कुछ भी होता है तो उपरोक्त सरकारी अधिकारी दुर्घटना के लिए भी जिम्मेदार होंगे। आगे शबनम शैख ने बताया की में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, और अजीत पवार, नंदुरबार जिला कलेक्टर, महाराष्ट्र राज्य डी जी पी, से गुहार लगाई और जल्द से जल्द नंदुरबार नवापुर पुलिस स्टेशन के अंतर्गत खुल्ले आम चल रहे जुए के अड्डे बंद हो जाए।

# दलित बस्ती में वर्षों से कूड़ा डालने की समस्या को लेकर एससी आयोग से न्याय की गुहार

**मुंबई हलचल/सुरेश कोहली**

**पटौदी।** राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग दिल्ली ने नगर परिषद् पटौदी मंडी प्रशासन को साफ शब्दों में कहा की जल्द इस मामले को निपटाया जाए। जानकारी के अनुसार अधिशासी अधिकारी अरुण नांदल व एमई अनिल मलिक से आयोग द्वारा कहा गया कि दलित बस्ती बाबा हरदेवा कालोनी जाटौली मंडी से कूड़े का ढेर उठाने और दूसरा डंपिंग यार्ड बनाने के लिए 4 महिनों का समय दिया जाता है। आयोग द्वारा इस अवधि के अनुसार नगर परिषद अपना कार्य पूर्ण करें। अन्यथा उचित कार्रवाई होगी। गौरतलब है की यह मामला पिछले 5 सालों से दलित बस्ती बाबा हरदेवा कालोनी जाटौली मंडी का है।



बताया जा रहा है की जिसकी शिकायत स्थानीय निवासी सुरजन सिंह, महेंद्र सिंह, अर्जुन सिंह, डॉ.अंबेडकर सभा हेलीमंडी के प्रधान किशन रेवाडिया व सतबीर पंवार लगातार करते आ रहे थे। आरोप यह भी है नगर परिषद पटौदी मंडी और एसडी एम उनकी इस शिकायत पर कोई ध्यान नहीं दे रहें थे। बताया यह भी जा रहा है की जब दलित महिलाओं ने कूड़ा डालने का विरोध किया तो प्रशासन ने अपने पद व पावर का गलत इस्तेमाल करते हुए सभी दलित महिलाओं को पुलिस द्वारा हिरासत में लेकर पुलिस चौकी हेलीमंडी में ले जाकर जबरन कूड़ा डालने की मंजूरी पर हस्ताक्षर करा लिया।

# उपभोक्ता संगठनों के राष्ट्रीय सम्मेलन में कंज्यूमर चार्ट ऑफ इंडिया का ड्राफ्ट हुआ तैयार

**मुंबई हलचल/सुरेश कोहली**

**गुरुग्राम।** सीसीआई हरियाणा के महासचिव लक्की राव सीगड़ा ने देश के उपभोक्ताओं की आवाज को बुलन्द करने एवं उपभोक्ता आंदोलन को मजबूती देने के लिए जयपुर में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करते हुए भाग लिया। जानकारी के अनुसार सीगड़ा ने बताया कि दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन कंज्यूमर कन्फेडरेशन ऑफ इंडिया और कैन्स के सयुंक्त तत्वावधान में गीता भवन जयपुर में किया गया। बताया जा रहा है की इस सेमिनार का उद्देश्य भारत के उपभोक्ता चार्टर और उपभोक्ता आंदोलन के भविष्य का रोड मैप तय करना है। उन्होंने बताया की इसमें कंज्यूमर फेस्ट का आयोजन के साथ-साथ कंज्यूमर चार्ट ऑफ इंडिया का ड्राफ्ट भी तैयार किया गया। महासम्मेलन में मार्गदर्शन की भूमिका सीसीआई के राष्ट्रीय संरक्षक डॉ.अनंत शर्मा ने निभाई एवं




अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अरुण शर्मा ने की। उपभोक्ता महासम्मेलन में "उपभोक्ता संरक्षण प्रणाली, चुनौतियां और भविष्य की रणनीति" विषय पर विचार विमर्श कर देश में उपभोक्ता आंदोलन के भविष्य की रणनीति भी तय की गई। हरियाणा से प्रतिनिधित्व करते हुए लक्की सीगड़ा ने अपने विचार रखते हुए कहा की व्यक्ति जन्म से लेकर मृत्यु के समय तक एक उपभोक्ता की श्रेणी में होता हैं। बाजारों में कई बार उपभोक्ताओं को गुमराह कर कम माप तोल एवं काम गुणवत्ता का सामान बेच दिया जाता हैं जिससे उपभोक्ताओं का बहुत शोषण होता हैं। हमें उपभोक्ताओं के शोषण के खिलाफ आवाज को बुलंद करना होगा। सरकार द्वारा बनाई जा रही उपभोक्ता नीति में भी समय-समय पर बदलाव की आवश्यकता है जिससे उपभोक्ता को न्याय मिलने में कोई परेशानियां न उठानी पड़े। उपभोक्ताओं को भी अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर उपभोक्ता संरक्षण की लड़ाई में हमारा साथ देना होगा। हमें उपभोक्ता के भौतिक संरक्षण की आवश्यकता है, उदाहरण के लिए ऐसे उत्पादों से सुरक्षा जो उनके स्वास्थ्य और कल्याण के लिए असुरक्षित या खतरनाक हैं। वर्तमान समय में उपभोक्ता कानूनों को अधिक कड़ाई से लागू किए जाने की जरूरत है।

# सैकड़ो लोगों ने सुना प्रधानमंत्री का वर्चुअल संबोधन

**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**मछलीशहर।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर स्थानीय एक पैलेस में भाजपा कार्यकताओं ने उनका जन्मदिन पूरे धूमधाम से मनाया और इस मौके पर सैकड़ो लोगों ने प्रधानमंत्री का वर्चुअल संबोधन सुना। तत्पश्चात प्रदेश संगठन द्वारा भाजपा के जिला अध्यक्ष रामविलास पाल को पुनः दोबारा जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने उनका ढोल बाजे और नगाड़ों संग जोरदार स्वागत अभिनंदन भी किया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं को संबंधित करते हुए नवनियुक्त जिला अध्यक्ष रामविलास पाल ने कहा की देश के प्रधानमंत्री ने आज अपना जन्म दिवस देश में फैली तमाम कम जनसंख्या वाली उस आबादी के साथ मनाया जो नए भारत के शिल्पकार हैं जैसे विश्वकर्मा समाज, बढई, कुम्हार, मोची राजमिस्त्री, मूर्तिकार, दर्जी, धोबी आदि। कहां की आर्थिक रूप से पिछड़े इन कामगारों को प्रधानमंत्री ने आज अपने जन्म दिवस के मौके पर अनेकों सौगात दी है। पुणे दोबारा जिला अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर कहा कि प्रदेश नेतृत्व में उनकी संगठनात्मक क्षमता पर विश्वास करते हुए दोबारा उन्हें इस पद पर नियुक्त किया है। इसका पूरा श्रेय जिला मछली शहर के कार्यकताओं और पदाधिकारी को जाता है। कहां कि वर्तमान में जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसमें उनका एकमात्र प्रयास होगा कि मिशन 2024 के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़े और एक बार पुनः भाजपा की सरकार रिकॉर्ड मतों से बन सके। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोगों में जिला उपाध्यक्ष राकेश शुक्ला पंकज पाठक मंडल अध्यक्ष मनोज जायसवाल जिला मीडिया प्रभारी अनुराग सिन्हा, जयेश सिंह, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अखिल प्रताप सिंह सभासदगण रविंद्र जायसवाल प्रिंस गुप्ता हरिश्चंद्र मौर्य, के पी मिश्रा, अमरीश सिंह, हरिओम गुप्ता, विपुल सिंह राजेश सिंह वंदना पटेल संतोष बिन्द आदि उपस्थित रहे। संचालन संतोष जायसवाल ने किया।



# गरवारे संस्थान में मनाया गया हिंदी दिवस

## हेट न्यूज पर हुई परिचर्चा




**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**मुंबई।** मुख्य मुंबई विश्वविद्यालय द्वारा संचालित 'गरवारे विकास शिक्षण व विकास संस्थान' के हिंदी, अंग्रेजी और मराठी पत्रकारिता विभाग ने संयुक्त रूप से 'हिंदी दिवस' का आयोजन किया। वर्तमान समय में पत्रकारिता के लिए चुनौती बनी 'हेट न्यूज' पर हुई परिचर्चा में वरिष्ठ पत्रकार व हिंदी दैनिक सामना के निवासी संपादक अनिल तिवारी ने साफगोई से कहा कि, जहां ईर्ष्या और द्वेष है, वह समाचार हो ही नहीं हो सकता, क्योंकि समाचार को आईने की तरह साफ और निष्पक्ष होना चाहिए। मुख्या अतिथि के रूप में अपने विचार रखते हुए उन्होंने फेक न्यूज और हेट न्यूज को चचेरी बहनें बताया, साथ ही प्रशिक्षु पत्रकारों को इससे सावधान रहने की नसीहत की। परिचर्चा में हिस्सा लेते हुए विशेष अतिथि राकेश यादव ने पत्रकारों को सकारात्मक पत्रकारिता करने की सलाह दी। इस अवसर पर हिंदी पत्रकारिता विभाग के समन्वयक और आयोजक सैयद सलमान ने प्रशिक्षु पत्रकारों को हेट न्यूज से दूर रहने और सामाजिक समरसता वाली खबरों को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित किया। मराठी विभाग की समन्वयक नम्रता कडु ने हेट न्यूज को पत्रकारिता के लिए अभिशाप बताया। अंग्रेजी विभाग के समन्वयक जैमीन वैष्णव एक बार तब चर्चा में आए थे, जब उन्होंने सोशल मीडिया पर धर्म विशेष के खिलाफ चल रही नफरत को रिकॉर्ड कर अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित कर दिया था। जांच एजेंसियों ने तब उन्हें खूब तंग किया था। उसी का उदहारण देते हुए जैमीन वैष्णव ने कहा कि नफरत को रोकने के बजाय नफरत फैलाने वालों को प्रोत्साहन मिलना चिंता की बात है। वरिष्ठ पत्रकार वागीश सारस्वत ने विद्यार्थियों को सत्य के साथ खड़े रहने का आह्वान किया। दीपा सिंह ने विद्यार्थियों को सोशल मीडिया के खतरों के प्रति आगाह किया। वंदना सिंह ने डिजिटल प्लेटफॉर्म पर हेट न्यूज के फैलने पर चिंता व्यक्त की। पर्यावरण संरक्षण को महत्व देते हुए प्लास्टिक से दूर रहने के प्रति जान-जागरूकता लाने का कार्य कर रही संस्था नई उमंग चैरिटेबल ट्रस्ट और ड्रीम मरोल के पदाधिकारियों की तरफ से इमरान शेख ने भी अपने विचार रखे। संस्था ने ड्रीम मरोल प्रोजेक्ट द्वारा उपस्थितजनों को प्रेरित करने के लिए कपड़े की थैलियां वितरित कर हिंदी दिवस को यादगार बना दिया। इस अवसर पर हिंदी, अंग्रेजी, मराठी के विद्यार्थियों ने अपनी स्वरचित रचनाएं पढ़ीं, हेट न्यूज को लेकर अपने विचारों को व्यक्त किया और सामूहिक गीत गाकर अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। कार्यक्रम में मशहूर शायर लक्षण शर्मा वाहिद सहित अनेक, साहित्यकार, पूर्व विद्यार्थी व पत्रकार विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एड. दीनानाथ पांडेय ने और आभार प्रदर्शन आकांक्षा यादव ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुरभि सिंह, अंकिता सिंह, शिखा गिरी, मनीषा जोशी, प्रखर गुप्ता, रोशन पाटिल और सलमान पठान का उल्लेखनीय योगदान रहा।

# भादवी छठ के मेले के बाद खुलेगा मालासेरी का दानपात्र, प्रधानमंत्री मोदी द्वारा डाला गया था लिफाफा

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान** भीलवाड़ा जिले के आसींद में 28 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक धार्मिक सभा को मालासेरी में संबोधित किया गया। धर्म सभा को संबोधित करने से पूर्व प्रधानमंत्री द्वारा मालासेरी मंदिर के दान पत्र में एक लिफाफा डाला गया जो काफी समय तक सुर्खियां बटोरता रहा। आम लोगों के मन में एक ही प्रश्न था प्रधानमंत्री द्वारा डाले गए लिफाफे में क्या था। प्रधानमंत्री की धर्म सभा के पश्चात एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मंदिर के मुख्य पुजारी हेमराज पोसवाल द्वारा बताया गया कि साल में एक बार यह दान पत्र भादवी छठ पर खुलता है, तथा प्रधानमंत्री द्वारा बंद लिफाफे में क्या डाला गया यह भादवी छठ पर दान पत्र के खुले जाने पर ही पता चलेगा, प्रधानमंत्री के मालासेरी धार्मिक सभा में बंद लिफाफे को लेकर विभिन्न विभिन्न अटकलें लगाई जाने लगी, भादवी छठ का मौका आया तो मालासेरी के भक्तगण तथा आम लोगों के मन में लिफाफे को लेकर उत्साहित तथा देखने को मिल रही है। अलग-अलग अटकलें के दौरान कई लोगों कि यह मानना है कि मोदी लिखित में मालासेरी को कोई बड़ी धनराशि, शुभकामनाएं संदेश या कॉरिडोर संबंधी या मंदिर विकास संबंधी कोई बड़ी घोषणा इस बंद लिफाफे में हो सकती है। उक्त जानकारी क्षेत्रीय पत्रकार दिनेश साहू ने राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ को दी हैं।









प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर साप्ताहिक समाचार पत्र अर्जुन प्रताप के विशेषांक का विमोचन केन्द्रीय रेल्वे राज्यमंत्री रावसाहेब दानवे पाटिल कर कमलो द्वारा अर्जुन प्रताप के संपादक अर्जुन गुप्ता के उपस्थिति में किया गया

# मुंबई में ऑल इंडिया मेमन जमात फेडरेशन की 41 वीं वार्षिक आम सभा एजीएम और मेमन कन्वेंशन का आयोजन 16 सितंबर 2023 को किया गया

**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**मुंबई।** ऑल इंडिया मेमन जमात फेडरेशन की 41 वीं वार्षिक आम सभा एजीएम का आयोजन मुंबई शहर के हज हाउस में 16 सप्टेंबर 2023 को रखी गई। वार्षिक सभा की शुरूआत कुरान शरिफ की तिलावत के साथ हुई। बाद में दुआए खैर हजरत सय्यद मोईन मिंया से की गई। इस वार्षिक आम सभा 41 वीं एजीएम मे ऑल इंडिया मेमन जमात फेडरेशन के द्वारा पिछले साल किए गए कामों का लेखा जोखा रखा गया जिसमे मुख्य रूप से जरूरत मंद मेमन परिवारों को नये मकान, और मकान रिपैरिंग के लिए आर्थिक मदद करना, मेडिकल हेल्प देना, एवं विभिन्न योजनाओं के माध्यम से मेमन समाज के लोगों की मदद की गई। इस एजीएम में अगले चार साल के लिए इलेक्शन का डिक्लेरेशन किया गया इलेक्शन कमिश्नर सोहैल खंडवानी ने आने वाले चार साल के लिए फिरसे प्रेसिडेंट के तौर पर इकबाल मेमन ऑफिसर को बीन हरीफ प्रेसिडेंट बनाए जाने का ऐलान किया। अब्दुल गनी बीबा के साथ इमरान फ्रुटवाला ने स्टेज पर एंकरिंग की और पुरे 10 घंटे तक लोगों को बांधे रखा। खास तौर पर इस कन्वेंशन में मुख्य महेमानों में माननीय स्पिकर महाराष्ट्र एसेंबली राहुल नर्वेकर, सुनील तटकरे, मेंम्बर ऑफ पार्लियामेंट जस्टिस केपसे, फ्रिडम फाईटर जी जी पारेख, रायपुर छत्तीसगढ़ के मेयर एजाज ढेबर, कोलंबो श्रीलंका से शिराज युनुस, पोर्टुगल से शब्बीर हुसैन, डॉक्टर सना मेमन रायपुर, निजामुद्दीन राईन कांग्रेस प्रवक्ता, सुहैल सुबेदार एनसीपी प्रेसिडेंट माइनोरिटी, डॉक्टर जहीर काझी, अहेशन गाड़ावाला, बांग्लादेश से इमरान इद्रीस, माजीद मेमन, सादीक बाबला, धोराजी मेमन ट्रस्ट के प्रेसिडेंट सोहैल सावानी, अफरोज हसनफत्ता, के साथ साथ मुंबई शहर के कई नामी गिरामी लोग मौजूद रहे। हर साल की तरह इस साल भी मेमन समाज के विभिन्न क्षेत्रों में मेमन समाज का नाम रोशन करने वालों को 'फख्र-ए-इंसानियत' मोमेंटो एवोर्ड और सर्टिफिकेट देकर सम्मान किया गया। ऑल इंडिया मेमन जमात फेडरेशन की इस 41वीं वार्षिक आम सभा एजीएम में ऑल इंडिया मेमन जमात फेडरेशन के प्रेसिडेंट इकबाल मेमन ऑफिसर साहब, वाईस प्रेसिडेंट सोहैल खंडवानी, वाईस प्रेसिडेंट इलियास भाई कपाड़िया, सेक्रेटरी अब्दुल अजीज भाई मच्छीवाला, जोइंट सेक्रेटरी युसुफ भाई मलकानी, एप्लिफ्टमेंट चैयरमेन साकिर भाई बाटलीवाला, वाइस प्रेसिडेंट अब्दुल गफ्फार (गफ्फू) मेमन, शरीफ भाई मेमन अहमदाबाद, बाबा भाई सुपारीवाला मुंबई, याकुब गाजी इंदौर, महिला वींग के चैरपर्शन रजिया बाई चश्मावाला, शेरबानु बाई गुल्लर, नसिमा बाई सुरती, जैबुन मां मिलवाला, युथ वींग चैयरमेन इमरान फ्रुटवाला, यासीन डेडा, प्रोफेसर सज्जाद के साथ 30 बोर्ड मेंम्बर, 80 जोनल सेक्रेटरी, 250 नेशनल एक्जीक्यूटिव मेंम्बर और 500 मेमन जमात के नुमाइंदे मौजूद रहे।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## उत्तराखंड हलचल

# प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल हल्द्वानी ने नवांगतुक एसएसपी नैनीताल का किया स्वागत

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**नैनीताल।** शहर की समस्याओं पर की चर्चा, एसएसपी नैनीताल ने समस्याओं के निराकरण का दिलाया भरोसा प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल* ने बहुउद्देशीय भवन हके पुलिस कार्यालय में प्रहलाद नारायण मीणा (क्द्बर) वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल* से मुलाकात कर पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत* किया गया।प्रतिनिधि मण्डल द्वारा शहर की समस्याओं पर चर्चा* करते हुए कहा कि वे पुलिस प्रशासन के साथ कदम से कदम मिलाकर कानून व्यवस्था को बनाये रखने में पूर्ण सहयोग* प्रदान करेंगें।मुख्य समस्याओं में नशे के बढ़ते प्रचलन, यातायात व्यवस्था दुरूस्त, स्कूल समय पर लगने वाले जाम, कुछ वाइन शॉप के आस-पास खुले में मादक पदार्थो का सेवन, सार्वजनिक स्थानों में नव-युवाओं द्वारा अभद्रता, रात्रि गश्त बढाने, फड़-फेरी लगाने वालों का सत्यापन, स्कूली



बच्चों में नशे के प्रचलन, देह व्यापार जैसी बढ़ती गम्भीर समस्या से अवगत कराते हुए कार्यवाही करने हेतु कहा गया।एसएसपी नैनीताल द्वारा सभी सदस्यों की समस्या को गम्भीरता से सुनने के उपरान्त* उपस्थित सभी को भरोसा दिलाया* कि पुलिस द्वारा उक्त समस्याओं के निराकरण हेतु उचित कदम उठाये जायेंगें। पुलिस जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरेगी। कानून व्यवस्था को दुरूस्त बनाये रखने एवं जनता के हित में पुलिस द्वारा सख्ती भी की जायेगी। आप सभी का सहयोग आवश्यक है।स्कूली बच्चों में नशे के बढ़ते प्रचलन में एसएसपी ने कहा कि बच्चों पर पाबन्दी लगाने की बजाय उन्हें जागरूक करने की आवश्यकता* है। पुलिस लगातार नियमों एव कानून का पालन करा रही है। अभिभावक बच्चों को अच्छी परवरिश, उनकी गतिविधियों में ध्यान देते हुए, उनसे लगातार संवाद* करना होगा। पुलिस द्वारा स्कूल-कालेजों में जाकर जागरूकता अभियान चलायें जायेंगे। कार्यक्रम में प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के विपिन गुप्ता जिलाध्यक्ष,हर्ष वर्द्धन पांडे जिला महामंत्री, उर्वशी बोरा जिला महामंत्री महिला, सौरभ भट्ट युवा जिलाध्यक्ष, मधुकर बनैला युवक जिला महामंत्री,रूपेंद्र नागर प्रदेश मंत्री, मनोज जायसवाल महानगर महामंत्री, संदीप पांडे अध्यक्ष मोटाहल्दू, पवन जोशी ग्रामीण इकाई प्रभारी, पवन वर्मा युवा नगर अध्यक्ष, हितेंद्र, रेनु टंडन, अतुल आदि उपस्थित रहे।

# पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने -6512 मी0 पर्वतों पर पर्वतारोहण अभियान का फ्लैग ऑफ कर रवाना किया

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**देहरादून** दिनांक 18 सितम्बर 2023,(जि. सू. का), पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद्, गढ़ीकैन्ट के परिसर भारतीय पर्वतारोहण संघ, नई दिल्ली एवं उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद् द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित बन्दरपूंछ-6316 मी0, भागीरथी द्वितीय-6512 मी0 पर्वतों पर पर्वतारोहण अभियान का फ्लैग ऑफ कर रवाना किया। माननीय मंत्री ने बंदरपूंछ एवं भागीरथी




पर्वतों पर पर्वतारोहण दलों के सदस्यों के दलों के कैप्टन को फ्लैग देते हुए अभियान पूर्ण करने की शुभकामनाएं दी। दोनों दलों में 12-12 सदस्य है तथा दल आज देहरादून से उत्तरकाशी तक जाएंगे।माननीय पर्यटन मंत्री श्री सतपाल महाराज ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन का मुख्य उद्देश्य राज्य में साहसिक खेलों को बढावा देना है। इस प्रकार के आयोजनों से साहसिक पर्यटन को बढावा मिलेगा तथा स्थानीय निवासियों को स्वरोजगार के अवसर भी प्रदान होंगे। कहा कि गांसे (गौरी) एवं औली को विशेष रूप से विकसित किया जा रहा है ताकि यह पर्यटन स्थल सम्पूर्ण एशिया को अपनी ओर आकर्षिक करें।

# नवागत पुलिस अधीक्षक चमोली द्वारा ली गयी मासिक अपराध गोष्ठी/कर्मचारियों का सम्मेलन, अधीनस्थों को दिए कड़े निर्देश

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**चमोली।** नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक चमोली रेखा यादव द्वारा आज दिनांक 18.09.23 को पुलिस लाईन गोपेश्वर स्थित सभागार में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों/थाना प्रभारियों, स्था0अभि0 इकाई, फायर सर्विस, संचार शाखा एवं अन्य शाखा प्रभारियों के साथ मासिक अपराध गोष्ठी आयोजित कर मासिक अपराधों की समीक्षा एवं कर्मचारियों के साथ सम्मेलन किया गया। अपराधों की समीक्षा कर महोदया द्वारा राजपत्रित एवं थाना प्रभारियों को निम्न दिशा-निर्देश निर्गत किये गए-1. सर्वप्रथम महोदया द्वारा जनपद के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों से परिचय प्राप्त* कर उनके थाना क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों, थाना/चौकी में नियुक्त जनशक्ति,



क्षेत्र से संबंधित समस्याओं तथा अपराधिक आंकड़ों के संबंध में जानकारी प्राप्त की गयी। 2. सम्मेलन में उपस्थित समस्त पुलिस कार्मिकों से उनकी समस्याएं पूछी गई तथा समस्याओं के तत्काल निस्तारण* हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया साथ ही समस्त थाना प्रभारियों को अपने अधीनस्थ कर्मगणों की प्रत्येक माह गोष्ठी आयोजित कर उनके कार्यों की समीक्षा करने एवं उनकी व्यक्तिगत/पारिवारिक समस्याओं को सुनते हुए उनका त्वरित समाधान किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। 3. थाना क्षेत्रान्तर्गत घटित घटना की समय से सूचना उच्चाधिकारियों को दिए जाने हेतु निर्देशित किया गया। 4. जनपद में बाहरी राज्यों/जनपदो से निवासरत सभी शस्त्र लाइसेंस धारकों के शस्त्र लाइसेंसों का भौतिक सत्यापन* किए जाने हेतु सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया।5. सभी थाना प्रभारियों/चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि बिना हेलमेट/बिना, लाईसेन्स/ रैश, ड्राइविंग/नशे मे वाहन चलाने/ खतरनाक तरीके से वाहन चलाने वाले/ होटल, ढाबों, सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने /पिलाने/ धूम्रपान करने वालों के विरुद्व ऑपरेशन इवनिंग स्टार्मद्व* चलाते हुए आवश्यक कार्रवाई किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। 6. चार धाम यात्रा के द्वितीय चरण* के दृष्टिगत अधिक संख्या में श्रद्धालुओं का आवागमन होगा।

## हेज प्रकरण में फरार आरोपी के घर ढोल लेकर पहुँची पौड़ी पुलिस

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**पोड़ी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे के निर्देशों के क्रम में फरार आरोपी के घर पर,ढोल की धुन पर कराइ कुर्की की उद्घोषणा। दहेज प्रकरण में फरार आरोपी के घर ढोल लेकर पहुँची पौड़ी पुलिस। माननीय न्यायालय जे0एम0 कोटद्वार, पौडी गढ़वाल द्वारा जारी 82 सीआरपीसी नोटिस तथा गैर जमानती वारण्ट



अभियुक्त अमित कुमार पुत्र प्रदीप कुमार निवासी गली नं0-02 भरत विहार कालोनी थाना बिजनौर जिला बिजनौर उ0प्र0 सम्बन्धित वाद संख्या -1418/23, मु0अ0सं0 - 09/2020 धारा 498अ,323, 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम चालानी थाना कालागढ़ में अभियुक्त अमित कुमार उपरोक्त जोकि न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहा था। जिसमें माननीय न्यायालय द्वारा अभियुक्त के विरूद्ध एनबीडब्ल्यू तथा उद्घोषणा के लिये 82 द0प्र0संहिता का नोटिस जारी किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे* के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक कोटद्वार जया बलोनी व पुलिस उपाधीक्षक कोटद्वार विभव सैनी की पर्यवेक्षण, थानाध्यक्ष कालागढ़ अमरजीत सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 17.09.2023 को 82 सीआरपीसी की कार्यवाही हेतु भरत विहार कालोनी बिजनौर उत्तर प्रदेश में कालागढ़ पुलिस टीम के द्वारा मुनादी की गयी और नोटिस को अभियुक्त के घर पर चस्पा किया गया।

## बिण में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को दी गई यातायात सम्बन्धी महत्वपूर्ण जानकारी

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** यातायात पुलिस पिथौरागढ़ द्वारा स्टूडेन्ट पुलिस कैडेट योजना के तहत रा0उ0मा0वि0 बिण में अध्ययनरत छात्र/ छात्राओं को दी गई यातायात सम्बन्धी महत्वपूर्ण जानकारी। पुलिस अधीक्षक पिथौरागढ़, लोकेश्वर सिंह के निर्देशन में, आज दिनांक-18.09.2023 को उ0नि0 यातायात, दरबान सिंह मेहता द्वारा रा0उ0मा0वि0 बिण, पिथौरागढ़ में अध्ययनरत छात्र- छात्राओं को यातायात सम्बन्धी महत्वपूर्ण जानकारी जैसे- रोड सेफ्टी, ट्रैफिक मैनेजमेन्ट, यातायात नियमों की जानकारी, दुर्घटना के कारण, दुर्घटनाओं से



बचने के उपाय, नाबालिग द्वारा वाहन न चलाने, स्टन्ट ड्राइविंग न करने आदि के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई तथा रोड साइन, रोड के प्रकार, सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने, महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नम्बर आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम के दौरान स्कूली छात्र/छात्राओं द्वारा सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित जो भी सवाल किये गये पुलिस टीम द्वारा उनका बखूबी उत्तर दिया गया। उक्त कार्यक्रम से बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला।

## बेरीनाग पुलिस ने एक वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** पुलिस अधीक्षक पिथौरागढ़, लोकेश्वर सिंह* के आदेशानुसार, वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे सघन अभियान



के क्रम में दिनांक- 17.09.2023 को प्रभारी निरीक्षक थाना बेरीनाग, प्रभात कुमार व हमराही हेड का0 मोहन सिंह व का0 हरीश राणा* द्वारा माननीय न्यायालय से धारा- 60 आबकारी अधि0* के अन्तर्गत जारी गैर जमानतीय वारण्ट के अनुपालन में वारण्टी अभियुक्त, ललित कुमार पुत्र गणेश राम, निवासी- बमनखोला पो0 चौड़मन्या थाना बेरीनाग जिला पिथौरागढ़ उम्र- 21 वर्ष* को चौड़मन्या से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।उक्त अभियान आगे भी जारी रहेगा।*

# हेयर स्पा के साथ रखेंगी इन बातों का ख्याल तो नहीं होंगे बाल ड्राई



हेयर स्पा के बाद क्या करें : लड़कियां बालों को सॉफ्ट-स्मूद, शाइनी और डैमेज हेयर को रिपेयर करवाने के लिए हेयर स्पा करवाती है। हेयर स्पा ट्रीटमेंट बालों की किस्म को ध्यान में रखकर किया जाता है। किस तरह के बाल और किस समस्या को कैसे ट्रीटमेंट की जरूरत है यह आपको एक्सपर्ट पहले ही बता देते हैं। मगर बालों की केयर के लिए सिर्फ हेयर स्पा करवाना ही काफी नहीं है। हेयर स्पा के बाद कुछ टिप्स को फॉलो करना भी जरूरी होता है, नहीं तो इन्हें खराब होने में ज्यादा समय नहीं लगेगा। आइए जानते हैं हेयर स्पा करवाने के बाद आपको क्या करना चाहिए और क्या नहीं।

**हेयर स्पा के बाद क्या ना करें?**

1. हेयर स्पा से पहले या बाद में शैम्पू का डायरेक्ट इस्तेमाल करने से बचें। बालों को शैम्पू करने के लिए पहले इसे पानी में मिक्स करके थोड़ा डाइल्यूट करें। इससे आपके बालों को नुकसान नहीं होगा।

2. हेयर स्पा के बाद लड़कियां ऑयलिंग करना छोड़ देती है, जोकि गलत है। बालों को सॉफ्ट और मजबूत बनाने के लिए हेयर स्पा के बाद भी रेग्युलर ऑयलिंग करना बहुत जरूरी है।

3. घर से बाहर जाते समय बालों को धूप और पॉल्यूशन से बचाकर रखें। इसके लिए आप बालों को स्कार्फ या हैट से अच्छी तरह कवर कर सकती हैं।

4. हेयर स्पा करवाने के बाद के बाद कंडीशनर को बिल्कुल इग्नोर ना करें। कंडीशनर का इस्तेमाल हेयर स्पा के इफेक्ट को लंबे वक्त तक बनाए रखने के साथ बालों की शाइन को भी बरकरार रखता है। इसके अलावा रेगियुलर कंडीशनर के साथ हेयर सीरम का इस्तेमाल न भूलें।

**हेयर स्पा के बाद क्या ना करें?**

1. बेशक हेयर स्पा के बाद कंडीशनर का इस्तेमाल जरूरी होता है लेकिन कुछ दिनों बाद ही इन्हें यूज करें।

2. हेयर स्पा के 2-3 दिन तक हेयरवॉश या बालों पर पानी का इस्तेमाल ना करें। हेयर स्पा में बालों की डीप कंडीशनिंग की जाती है। ऐसे में अगर आप तुरंत बाल धो लेंगी तो मॉइश्चर निकल जाएगा और आपको स्पा का कोई फायदा नहीं मिलेगा।

3. इसे करवाने के कुछ समय तक बालों को कलर या हाइलाइट करवाने से भी बचें। इसके अलावा बालों में किसी भी तरह का कोई ट्रीटमेंट न करवाएं।

4. हेयर स्पा के बाद हॉट शॉवर लेना भी आपके बालों को खराब कर देगा। हॉट शॉवर से बालों के मॉइश्चराइजर को नुकसान पहुंचता है और इससे स्पा का फायदा भी खत्म हो जाता है।

5. कुछ समय तक हीट या स्टाइलिंग टूल्स का इस्तेमाल भी न करें। अगर आपको इनका इस्तेमाल करना है तो बालों पर पहले एंटी-हीट स्प्रे लगाएं।

6. बालों को कोम्ब करने के लिए चौड़ी कंघी का इस्तेमाल आपके लिए बिल्कुल सही है। इससे आपके बाल अच्छी तरह सुलझ जाएंगे और टूटेंगे भी नहीं।

# बड़े फायदेमंद हैं ये मसाले, यूं करें इस्तेमाल और रहें तंदरुस्त



भारतीय रसोई में खाने का जायका बढ़ाने के लिए तरह-तरह के मसालों का इस्तेमाल किया जाता है। इनकी खुश्बू जितनी अच्छी होती है, सेहत के लिए भी ये बहुत फायदेमंद होते हैं। छोटी-मोटी बीमारियों का इलाज में इनका बाखूबी इस्तेमाल किया जा सकता है। सर्दी, गला खराब, सिर दर्द आदि जैसी परेशानियों को दूर करने के लिए काली मिर्च, हींग,जीरा आदि दवाई का काम करते हैं।

**1. लहसुन -** पेट दर्द में आधा चम्मच लहसुन का रस, 4 चम्मच पानी और सेधा नमक डालकर पीएं।

**2. हींग -** सिर दर्द से छुटकारा पाने के लिए पानी और हींग का पेस्ट बनाकर माथे पर लगाएं।

**3. काली मिर्च -** काली मिर्च और गुड का सेवन करने से खांसी ठीक हो जाती है।

**4. कपूर -** मुंह के छाले होने पर कपूर को घी के साथ मिलाकर लगाएं।

**5. जीरा -** जीरे के पाउडर को पुराने गुड के साथ खाने से बुखार जल्दी ठीक हो जाता है।

# ना कोई क्रीम ना ब्यूटी ट्रीटमेंट, इन होममेड टिप्स से पाएं ग्लोइंग स्किन



ग्लोइंग फेस के उपाय : चेहरे पर पिंपल्स हो या मुंहासे की समस्या, लड़कियों को अक्सर ऐसी छोटी-मोटी ब्यूटी प्रॉब्लम्स का सामना करना पड़ता है। इससे छुटकारा पाने के लिए आप मंहगे से मंहगे ब्यूटी ट्रीटमेंट या क्रीमों का सहारा लेती है लेकिन इससे कोई खास फर्क दिखाई नहीं देता। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे बताएंगे, जो इन समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए काफी कारगर साबित होंगे।

**1. अदरक और नींबू का रस**

सिर्फ सेहत ही नहीं, अदरक स्किन के लिए भी फायदेमंद होती है। अदरक और नींबू के रस को मिलाकर दाग-धब्बों पर 20 मिनट के लिए लगाएं। इसके बाद ठंडे पानी से चेहरा धो लें। आपकी सभी प्रॉब्लम दूर हो जाएगी।

**2. पपीता**

पपीते का पेस्ट बनाकर चेहरे पर लगाने से त्वचा को प्रोटीन मिलता है, जिससे स्किन प्रॉब्लम के साथ रंगत भी साफ होती है। हफ्ते में इसे 2-3 बार चेहरे पर जरूर लगाएं। इससे आपको कुछ समय में ही फर्क दिखाए देने लगेगा।

**3. सरसों का तेल और हल्दी**

सरसों का तेल और हल्दी को मिक्स करके पेस्ट बना लें। इसे चेहरे पर 10-15 मिनट तक लगाने के बाद ठंडे पानी से साफ करें। इसके नियमित इस्तेमाल से कुछ समय में ही आपकी त्वचा ग्लोइंग और बेदाग हो जाएगी।

**4. शहद, चंदन पाउडर और हल्दी**

शहद, चंदन पाउडर और हल्दी पाउडर को मिक्स करके चेहरे पर लगाने से दाग-धब्बे, मुंहासे और पिंपल्स की समस्या खत्म हो जाती है। इसे रोजाना 10 मिनट चेहरे पर लगाने से बाद ठंडे पानी से साफ करें।

**5. नारियल का तेल**

नारियल का तेल लगाने से स्किन को नमी मिलती है और यह भी एंटीबैक्टीरियल होता है। जहां धब्बे हो वहां सोते समय नारियल तेल लगाकर रातभर छोड़ दें। सुबह फेसवॉश से चेहरे को साफ करें। इसके नियमित इस्तेमाल से आपको कुछ समय में ही फर्क दिखने लगेगा।

**ग्लोइंग फेस के उपाय** : चेहरे पर पिंपल्स हो या मुंहासे की समस्या, लड़कियों को अक्सर ऐसी छोटी-मोटी ब्यूटी प्रॉब्लम्स का सामना करना पड़ता है। इससे छुटकारा पाने के लिए आप मंहगे से मंहगे ब्यूटी ट्रीटमेंट या क्रीमों का सहारा लेती है लेकिन इससे कोई खास फर्क दिखाई नहीं देता। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे बताएंगे, जो इन समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए काफी कारगर साबित होंगे।

**1. अदरक और नींबू का रस**

सिर्फ सेहत ही नहीं, अदरक स्किन के लिए भी फायदेमंद होती है। अदरक और नींबू के रस को मिलाकर दाग-धब्बों पर 20 मिनट के लिए लगाएं। इसके बाद ठंडे पानी से चेहरा धो लें। आपकी सभी प्रॉब्लम दूर हो जाएगी।

**2. पपीता**

पपीते का पेस्ट बनाकर चेहरे पर लगाने से त्वचा को प्रोटीन मिलता है, जिससे स्किन प्रॉब्लम के साथ रंगत भी साफ होती है। हफ्ते में इसे 2-3 बार चेहरे पर जरूर लगाएं। इससे आपको कुछ समय में ही फर्क दिखाए देने लगेगा।

**3. सरसों का तेल और हल्दी**

सरसों का तेल और हल्दी को मिक्स करके पेस्ट बना लें। इसे चेहरे पर 10-15 मिनट तक लगाने के बाद ठंडे पानी से साफ करें।

दैनिक
मुंबई हलचल



मुंबई, मंगलवार
19 सितंबर, 2023




गणपती बाप्पा मोरया

समस्त देशवासियों को

# श्री गणेश चतुर्थी

की हार्दिक शुभकामनाएं!



Happy Ganesh Chaturthi



**दिलशाद एस. खान**

संपादक - दै. मुंबई हलचल
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, महाराष्ट्र अध्यक्ष व प्रभारी (एबीपीएसएस)
(राष्ट्रीय अध्यक्ष 'अल्पसंख्यक' - गांधी विचार मंच)